**भारत सरकार**
**वाणिज्य एवं उद्योग मंत्रालय**
**वाणिज्य विभाग**

**लोक सभा**
**अतारांकित प्रश्न सं. 1803**

**दिनांक 13 दिसंबर, 2023 को उत्तर दिए जाने के लिए**

विशेष आर्थिक क्षेत्र

**1803** श्री कौशलेन्द्र कुमारः

क्या **वाणिज्य और उद्योग मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) देश में विशेष आर्थिक क्षेत्रों (एसईजेड) के तहत राज्य-वार कितने क्षेत्र चिह्नित **हैं** और उक्त क्षेत्रों की वर्तमान स्थिति क्या है;

(ख) क्या सरकार, बिहार राज्य के पिछड़ेपन को ध्यान में रखते हुए वहां पर विशेष आर्थिक क्षेत्र के तहत क्षेत्र को चिह्नित करने और विकसित करने की योजना पर काम कर रही **है**;

(ग) यदि हां, तो उक्त स्थानों के नाम क्या हैं और यदि नहीं, तो इसके क्या कारण हैं; और

(घ) पिछले पांच वर्षों के दौरान सरकार को इस प्रावधान के तहत ऐसे विकसित क्षेत्रों से प्रति वर्ष वर्ष वार कितना राजस्व प्राप्त हुआ?

**उत्तर**

**वाणिज्य एवं उद्योग मंत्रालय में राज्य मंत्री**

**(श्रीमती अनुप्रिया पटेल)**

(क): एसईजेड अधिनियम, 2005 के अधिनियम से पहले केंद्र सरकार के 7 विशेष आर्थिक क्षेत्र (एसईजेड) और 12 राज्य/निजी क्षेत्र के एसईजेड थे। वर्तमान में, कुल 374 एसईजेड अधिसूचित हैं, जिनमें से 276 एसईजेड प्रचालनात्मक हैं। एसईजेड का राज्य/केंद्र शासित क्षेत्र-वार विवरण **अनुबंध** में दिया गया है ।

(ख) और (ग): एसईजेड अधिनियम, 2005 और एसईजेड नियम, 2006 के तहत स्थापित किए गए एसईजेड मुख्य रूप से निजी निवेश संचालित हैं। एसईजेड अधिनियम, 2005 के अधिनियम के बाद केंद्र सरकार ने देश में कोई एसईजेड स्थापित नहीं किया है। वाणिज्य विभाग को मैसर्स

औद्योगिक क्षेत्र विकास प्राधिकरण (बीआईएडीए), उद्योग विभाग, बिहार सरकार से औद्योगिक क्षेत्र, नवानगर , बक्सर में और औद्योगिक क्षेत्र, कुमारबाग , पश्चिम चंपारण में बहु-उत्पाद एसईजेड स्थापित करने के लिए से दो प्रस्ताव प्राप्त हुए हैं । तथापि, प्रस्ताव कई पहलुओं में अधूरे हैं। बिहार सरकार से सेज कानून के अनुरूप पूरा प्रस्ताव उपलब्ध कराने का अनुरोध किया गया है.

(घ): पिछले पांच वर्षों के दौरान एसईजेड से सरकार को प्राप्त राजस्व, वर्ष-वार इस प्रकार है:

| घरेलू टैरिफ क्षेत्र बिक्री लेनदेन के लिए शुल्क से वर्ष-वार राजस्व | |
|---|---|
| वर्ष | भुगतान की गई शुल्क राशि (करोड़ रुपये) |
| 2018-19 | 24,504 |
| 2019-20 | 20,735 |
| 2020-21 | 26,056 |
| 2021-22 | 40,157 |
| 2022-23 | 41,962 |
| 2023-24 (6 दिसंबर, 2023 तक ) | 32,995 |

*****

*13 दिसंबर, 2023 को उत्तर के लिए नियत लोकसभा अतारांकित प्रश्न संख्या 1803 के भाग (क) के उत्तर में संदर्भित अनुबंध*

| अनुमोदित एसईजेड का राज्य/केंद्र शासित प्रदेश-वार वितरण (30.11.2023 तक) | | |
|---|---|---|
| राज्य/केंद्र शासित प्रदेश | कुल अधिसूचित एसईजेड | कुल प्रचालनात्मक एसईजेड |
| आंध्र प्रदेश | 30 | 25 |
| चंडीगढ़ | 2 | 2 |
| छत्तीसगढ | 1 | 1 |
| गोवा | 3 | 0 |
| गुजरात | 24 | 21 |
| हरियाणा | 22 | 8 |
| झारखंड | 2 | 1 |
| कर्नाटक | 52 | 36 |
| केरल | 23 | 20 |
| मध्य प्रदेश | 8 | 6 |
| महाराष्ट्र | 44 | 38 |
| मणिपुर | 1 | 0 |
| नागालैंड | 2 | 0 |
| ओडिशा | 5 | 5 |
| पंजाब | 3 | 3 |
| राजस्थान | 6 | 3 |
| तमिलनाडु | 58 | 49 |
| तेलंगाना | 56 | 37 |
| त्रिपुरा | 1 | 0 |
| उत्तर प्रदेश | 23 | 14 |
| पश्चिम बंगाल | 8 | 7 |
| **कुल योग** | **374** | **276** |

*****